RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 27 | अंक : 58 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 17 फरवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


## भूकंप से कांप उठा दिल्ली-एनसीआर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस-पास एनसीआर के शहरों में सोमवार को लोग सुबह होने का इंतजार कर ही रहे थे कि तड़के 5 बजकर 36 मिनट पर अचानक ही धरती में कंपन शुरू हो गया। कुछ लोग सो रहे थे और उन्हें पता चला कि भूकंप आ गया है और उनकी नींद टूट गई।

भूकंप का केंद्र दिल्ली का धौलाकुआं था, जो करीब पांच किलोमीटर गहरा था। कई सेकंड तक धरती डोलती रही। लोग दशहत में अपने घरों से बाहर निकल गए। भूकम्प का केन्द्र नई दिल्ली होने से चिंता बढ़ गई है।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई। कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ। भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर भूकंप आया, जिससे लोगों की नींद उड़ गई।



सुबह अचानक तेज गड़गड़ की आवाज सुनाई देने लगी। गड़गड़ाहट के साथ खिड़कियों के शीशे और फर्नीचर भी हिलने लगे, पंखे हिलने लगे। ऐसा लगा जैसे घर का सारा सामान कांप रहा हो। इस बीच कुत्ते जोर-जोर से भौंकने लगे। जब तक समझ में आया कि क्या हो रहा है, तब तक भूकंप आकर चला गया था। दरअसल ये एक बेहद तेज झटके वाला भूकंप था।

बस कुछ ही सेंकेड में दिल्ली की गलियां सुबह-सबेरे लोगों से भर गई। जो सोये थे उन्हें झकझोर कर जगाया गया। बच्चे-बड़े-बूढ़े सभी नींद से उठे और धड़ाधड़ घर की गलियों में आ गए। जानकारी के मुताबिक भूकंप का केन्द्र धौला कुआं में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास झील में था। भूकंप से कोई जनहानि नहीं हुई है।

## दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन बना महाकुंभ : योगी

### अयोध्या में अब आते हैं 15 करोड से ज्यादा श्रद्धालु





**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है 'पीएम मोदी के नेतृत्व में पहली बार देश की आस्था को सम्मान मिला है। 500 साल का इंतजार खत्म हुआ और अब हम भगवान राम की पूजा करने अयोध्या जा सकते हैं। 2016-17 में जब प्रदेश में बीजेपी की सरकार नहीं थी, तब अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या मात्र 2 लाख 35 हजार थी और 2024 में यह संख्या 14 से 15 करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं की है।'

लखनऊ में युवा उद्यमियों से संवाद करते हुए उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह क्षण हमारे लिए और भी महत्वपूर्ण है, जब महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, जो आज तक का दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बन गया है। अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं और यह सिलसिला अगले नौ दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों की श्रद्धालुओं ने सराहना की है। महाकुंभ से लाखों लोगों को बड़े स्तर पर रोजगार मिला है और आस्था के कारण इकनॉमी स्तर पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। ओडीओपी के रूप में देश को नया ब्रांड मिला है। भारतीय प्रोडक्ट को महत्व देना जरूरी है।

## हर्ष फायरिंग में ढाई साल के बच्चे के सिर में लगी गोली

### अस्पताल में उपचार के दौरान बच्चे की मौत





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-41 स्थित अगाहपुर गांव से बरात की चढ़त के दौरान की जा रही हर्ष फायरिंग से बड़ा हादसा हुआ है। खुशी का माहौल उस समय मातम में बदल गया जब, हर्ष फायरिंग के लिए चलाई गई गोली ढाई साल के बच्चे को लग गई। बच्चा चौथी मंजिल पर अपने पिता की गोद में बारात को देख रहा था। उसी दौरान उसके सिर में गोली जा लगी। जिसके बाद हड़कंप मच गया, घायल बच्चे को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद से इलाके में मातम पसरा हुआ है।

डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि आगाहपुर में बलवीर सिंह के घर कल रात गुरूग्राम से बारात आई थी। बारात चढ़त में हर्ष फायरिंग में ढाई साल के बच्चे अंश शर्मा को गोली लगी। उपचार के दौरान अंश की अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हर्ष फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान गुरूग्राम निवासी हैप्पी के रूप में हुई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री बंद

### स्टेशन परिसर में सुरक्षा बल तैनात



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को मची भगदड़ के बाद प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री बंद कर दी है। भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक अगले एक सप्ताह के लिए प्लेटफार्म टिकट की बिक्री बंद करने का निर्णय लिया गया है। दो दिन पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ की वजह से मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद अब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनी तैनात कर दी गई है। मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ की एक कंपनी को भी रेलवे की सुरक्षा में लगाया है। जानकारी के लिए बता दें कि स्टेशन पर हादसे के बाद पूरे परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनी तैनात है। मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीईएसएफ की एक कंपनी को भी तैनात किया गया। दिल्ली पुलिस की ट्रांसपोर्ट रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह ने खुद नई दिल्ली (शेष पृष्ठ-4 पर)

## संगम में 53 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**महाकुंभनगर ( एजेंसी )।** महाकुंभनगर में इस समय श्रद्धा और आस्था का अद्वितीय दृश्य देखा जा रहा है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु महाकुंभ में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं। अभी तक 53 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया, जो इस आयोजन की भव्यता और महत्व को दर्शाता है।

श्रद्धालु प्लेन, ट्रेन, बस और निजी वाहनों से महाकुंभ पहुंच रहे हैं। महाकुंभ में स्नान करने के लिए श्रद्धालु लगातार संगम की ओर बढ़ रहे हैं। कल 1.49 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया, और आज सुबह तक लगभग 60 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इस महाकुंभ में भीड़ के सभी पुराने रिकॉर्ड टूट चुके हैं, और अभी आयोजन के समापन में 9 दिन बाकी हैं।

महाकुंभ पहुंचे श्रद्धालुओं ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की है, जो इस आयोजन को सफल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

## मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली, ग्रेटर नोएडा में की थी लूट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** चेकिंग के दौरान थाना बिसरख पुलिस व बदमाशों के बीच हुई पुलिस मुठभेड़ में 1 बदमाश को गोली लगी है जबकि अन्य 3 बदमाशों को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। इन बदमाशों ने कुछ दिनों पहले बिसरख क्षेत्र में एक कार में लिफ्ट देकर एक व्यक्ति को बंधक बनाया था और उसके एटीएम कार्ड से नकदी निकाली थी। इन बदमाशों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार व अवैध हथियार बरामद हुआ है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्तिमोहन अवस्थी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस रोजा जलालपुर के पास चैकिंग कर रही थी। इस दौरान उन्हें एक सफेद रंग की कार आती दिखाई दी। कार रोकने का जब पुलिस ने प्रयास किया तो कार चालक भाग निकले। पुलिस ने कार का पीछा कार घेराबंदी की।





## पुलिस व परिवहन विभाग के कर्मचारियों के लिए भी 'नो हेल्मेट नो पेट्रोल'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हेलमेट के बिना पेट्रोल पंप लेने वाले परिवहन विभाग के कर्मचारियों तथा पुलिस विभाग की कर्मचारियों की अब खैर नहीं है। यदि किसी भी पुलिसकर्मी तथा परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने हेलमेट के बिना पेट्रोल लिया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के कमिश्नर बी एन सिंह ने ऐसी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप के संचालक ऐसे पुलिसकर्मी तथा परिवहन विभाग के कर्मचारियों की सीसीटीवी फुटेज एआरटीओ ऑफिस में उपलब्ध करा दे यदि किसी पुलिसकर्मी ने हेलमेट के बिना पेट्रोल पंप से पेट्रोल लिया तो उसके खिलाफ पुलिस महानिदेशक को लिखित में शिकायत की जाएगी ताकि उसकी जांच की जा सके। वहीं परिवहन विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**चेतना मंच** के साथ बातचीत में परिवहन आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सड़क सुरक्षा के नियमों का पूरे प्रदेश में कड़ाई से पालन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव ने दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। उन्होंने सभी आरटीओ तथा एआरटीओ को निर्देश दिए की मुख्यमंत्री के आदेश का पूरी तरह पालन किया जाए। यदि कहीं भी कोई लापरवाही बढ़ती गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।






उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंप संचालक अपने यहां लगी सीसीटीवी कैमरे की 15 दिनों की फुटेज एआरटीओ कार्यालय में जमा कराया जाए जिससे पता चल सके कि बिना हेलमेट बाइक सवारों को पेट्रोल दिया जा रहा है या नहीं।

उन्होंने कहा कि ऐसी भी शिकायतें आई है कि पेट्रोल पंप के कर्मचारी ही बाइक सवारों से कह देते हैं कि वह किसी दूसरे का हेलमेट लेकर पेट्रोल भरवा लें। इस बाबत पूछने पर परिवहन आयुक्त ने कहा कि इसके लिए भी पेट्रोल पंप संचालकों को कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि हेलमेट की अनिवार्यता का सही से अनुपालन किया जा सके।

आयुक्त वी.एन. सिंह ने कहा कि नोएडा में बगैर पंजीकरण के चल रहे ई-रिक्शा चालक यातायात नियमों की खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं। ऐसे ही ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ शीघ्र ही एक अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में भी बिना हेलमेट के पेट्रोल भरवाने वालों के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाया गया था और यह काफी हद तक सफल भी रहा था। अब फिर मुख्यमंत्री के आदेश पर अभियान चलाया जा रहा है जिसका कड़ाई से पालन किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए सभी आम लोगों से अपील की है कि सरकार के इस अभियान में सभी सहयोग करें क्योंकि जन सहयोग के बिना कोई भी अभियान पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आम जनता भी सरकार का साथ दें ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके।

## दिल्ली में 20 फरवरी को शपथ ग्रहण

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में नई सरकार के गठन को लेकर बड़ी खबर आई है। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीख आ गई है। 20 फरवरी को 4.30 बजे दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा। बताया जा रहा है कि शपथ ग्रहण का आयोजन दिल्ली के राम लीला मैदान में होगा। बताया जा रहा है कि शपथ ग्रहण समारोह में 3 मंच बनाए जाएंगे। एक बड़ा मंच 40×24 का होगा। वहीं, दो मंच 34×40 के होंगे। मंच पर लगभग 100 से 150 कुर्सियां लगाई जाएंगी। आम लोगों के बैठने के लिए करीब 30 हजार कुर्सियां लगाई जाएंगी।


(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस




## अमेरिका की नीतियां

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। हाल में व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। इस मुलाकात में उन्होंने टैरिफ का मुद्दा भी उठाया और व्यापार घाटे को कम करने के लिये अधिक तेल, गैस और सैन्य साजो-सामान खरीदने की जिम्मेदारी भारत पर डाल दी। दरअसल, भारत कुछ उन देशों में शामिल हैं जिनके साथ व्यापार का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ तो की, लेकिन साथ ही भारत में अमेरिकी सामान पर तर्कसंगत कर लगाने की बात भी कही। यदि ट्रंप की मौजूदा नीतियां सिरे चढ़ी तो व्यापार की परिस्थितियां अमेरिका के अनुकूल भी हो सकती है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसमें पीएम मोदी के कूटनीतिक कौशल की परीक्षा भी होनी है। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी। इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा। हालांकि, ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को लेकर कोई सीधी घोषणा तो नहीं की लेकिन यह जरूर कहा कि जितना टैरिफ अन्य देश अमेरिकी सामान पर लगाते हैं, अमेरिका भी उसी अनुपात में टैरिफ लगाएगा। उल्लेखनीय है कि जिस समय पीएम मोदी अमेरिका यात्रा के लिये निकले, अमेरिका से अपमानजनक तरीके से भारत भेजे गए कथित अवैध प्रवासियों का मुद्दा गर्म था। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया। कहा कि तब नहीं मालूम होता कि उन्हें अमेरिका ले जाया जा रहा है। ये बहुत आम परिवारों के बच्चे हैं, जिन्हें बड़े सपने दिखाए जाते हैं और बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं। उन्होंने भोले लोगों को इस साजिश से बचाने हेतु मानव तस्करों पर शिकंजा कसने की बात कही। पिछले दिनों भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत व अमेरिका यह तय करने का प्रयास कर रहे हैं कि वापस भेजने की प्रक्रिया के दौरान किसी भारतीय नागरिक के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने दुनिया में इस्लामी चरमपंथ के खतरे से निपटने के लिये भारत और अमेरिका के मिलकर काम करने की भी मंशा जाहिर की। ट्रंप ने नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र सहयोग में प्रगति की बात भी कही।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि शिवजी के भ्रमनाशक वचनों को सुनकर पार्वतीजी के सब कुतर्कों की रचना मिट गई। श्री रघुनाथजी के चरणों में उनका प्रेम और विश्वास हो गया और कठिन असम्भावना ( जिसका होना- सम्भव नहीं, ऐसी मिथ्या कल्पना ) जाती रही!॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-पुनि पुनि प्रभु पद कमल गहि जोरि पंकरुह पानि।**
**बोलीं गिरिजा बचन बर मनहुँ प्रेम रस सानि॥**

बार- बार स्वामी (शिवजी) के चरणकमलों को पकड़कर और अपने कमल के समान हाथों को जोड़कर पार्वतीजी मानो प्रेमरस में सानकर सुंदर वचन बोलीं॥

**ससि कर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह सरदातप भारी॥**
**तुम्ह कृपाल सबु संसउ हरेऊ। राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ॥**

आपकी चन्द्रमा की किरणों के समान शीतल वाणी सुनकर मेरा अज्ञान रूपी शरद-ऋतु (क्वार) की धूप का भारी ताप मिट गया। हे कृपालु! आपने मेरा सब संदेह हर लिया, अब श्री रामचन्द्रजी का यथार्थ स्वरूप मेरी समझ में आ गया॥

**नाथ कृपाँ अब गयउ बिषादा। सुखी भयउँ प्रभु चरन प्रसादा॥**
**अब मोहि आपनि किंकरि जानी। जदपि सहज जड़ नारि अयानी॥**

हे नाथ! आपकी कृपा से अब मेरा विषाद जाता रहा और आपके चरणों के अनुग्रह से मैं सुखी हो गई। यद्यपि मैं स्त्री होने के कारण स्वभाव से ही मूर्ख और ज्ञानहीन हूँ, तो भी अब आप मुझे अपनी दासी जानकर॥

**( क्रमशः... )**

# आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चें पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते् गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4



लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषत: वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।

आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यत: वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए।

देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। आयकर विभाग को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। निश्चित ही नया आयकर कानून भारत की कर प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आसानी होगी, कर प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और कानूनी उलझनों से बचा जा सकेगा।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# भ्रष्टाचार मिटाने को जिम्मेदारी तय हो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रही हैं, किंतु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी। भारत इस सूची मे पड़ोसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों से लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं?

भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है, तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारूढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है, बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है।

यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं। यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है, तो राज्य के सत्तारूढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धारमैया की सरकार है। इतना ही नहीं, राजनीतिक दलों का भरसक प्रयास होता है कि अदालतों में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रभावित किया जाए। गौरतलब है कि सीनियर वकील हरीश साल्वे सहित देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की थी। सीजेआई को लिखी चिट्ठी में वकीलों ने कहा था कि ये समूह न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है और ऐसा खासकर सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में हो रहा है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। अपनी चिट्ठी में वकीलों ने ऐसे कई तरीकों पर प्रकाश डाला है, जिनमें न्यायपालिका के तथाकथित 'स्वर्ण युग' के बारे में झूठी कहानियों का प्रचार भी शामिल है। न्यायपालिका तक को प्रभावित करने के प्रयासों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में भ्रष्टाचार किस हद तक व्याप्त है। देश की भ्रष्टाचार में रैंकिंग बेशक बढ़ रही हो, इसके बावजूद विगत चुनावों में भाजपा अकेली पार्टी रही, जिसने भ्रष्टाचार के खात्मे की बात कही। अन्य दल तो इस मुद्दे पर चर्चा करने तक से कतराते हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र के सत्तारूढ़ दल को भ्रष्टाचार में लपेटने की कई बार नाकाम कोशिश की है, चाहे वह मुद्दा युद्धक विमान राफेल की खरीद का हो या अडानी ग्रुप से जुड़ा हुआ हो। विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक में भ्रष्टाचार के मामले को ले गए, पर इसे साबित नहीं कर पाए।

ऐसा भी नहीं है कि भाजपा भ्रष्टाचार को लेकर दूध की धुली है। भाजपा का दामन थामने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के ऐसे मामलों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। इसके अलावा केंद्र में भाजपा अकेले अपने बलबूते सत्ता में नहीं है, ऐसे में गठबंधन के सहयोगी दलों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से मुंह फेरे रहती है। यही वजह रही है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से इन सहयोगी दलों के खिलाफ एक भी कार्रवाई नहीं की गई। कोई भी एजेंसी जब किसी राज्य या विभाग में भ्रष्टाचार का मामला पकड़ती है, तब इस गुनाह पर पर्दा डालने के लिए यही दलील दी जाती रही है कि भ्रष्टाचार को मिटाना है। इसके बावजूद एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहते हैं, पर कोई राजनीतिक दल यह दावा नहीं करता कि उनके शासित राज्य से भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त हो चुका है। राज्य तो दूर की बात है, बल्कि किसी दल में इतना भी साहस नहीं है कि यह कह सके कि कोई एक विभाग पूरी तरह भ्रष्टाचार से मुक्त है। फिर विभाग चाहे केंद्र सरकार के हों या राज्यों के। यह निश्चित है कि भ्रष्टाचार इस देश से तब तक नहीं मिटेगा, जब तक नेताओं की कथनी और करनी में अंतर रहेगा। नेताओं के साथ नौकरशाहों की भी जिम्मेदारी तय किए बगैर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ना असंभव है।

**-योगेंद्र योगी**
**स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल

**फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी**

**(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
जीवन आनंद की तरफ जा रहा है। नौकरी-चाकरी की स्थिति बढ़ी अच्छी हो जाएगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान में सुधार होगा। व्यापार भी आपका शुभ हो जाएगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
भावुकता पर काबू रखें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें। व्यापार की स्थिति ठीक है। स्वास्थ्य भी ठीक है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी, लेकिन गृह कलह भी। प्रेम, संतान अभी भी मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
समाज में सराहे जाएंगे। आपका कद बढ़ेगा। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में रहेंगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। थोड़ी खर्च की अधिकता भी होगी जिससे मन परेशान होगा। स्वास्थ्य मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में सुधार।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भाग्यवर्धक दिनों का निर्माण हो रहा है। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शत्रु परास्त होंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम।

# सपा ने किया पीडीए जन पंचायत का आयोजन

**दादरी (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत पखवाड़े के अंतर्गत कल दादरी क्षेत्र के गांव इस्लामाबाद कल्दा में पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष फकीर चंद नागर के संयोजन में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा शांति एवं हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष फकीर चंद नागर ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ कर पिछड़ो, दलितों और अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।भाजपा सरकार में पिछड़ो, दलित अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर अत्याचार चरम सीमा पर है। सामाजिक न्याय के लिए पूरे देश में जातिगत जनगणना अति आवश्यक है।

सरकार को जाति जनगणना कराकर और पिछड़े दलित को आबादी के हिसाब से सरकारी और निजी क्षेत्र में आरक्षण दिया जाना चाहिए। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार दिखावे की राजनीति कर रही है, उसे जनता के हितों और जान-माल की परवाह नहीं है, नई दिल्ली रेलेवे स्टेशन पर हुआ हादसा इसका ताजा उदाहरण है। प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन



को लेकर बड़ी-बड़ी बातें सरकार की तरफ से की गई थी एवं भारी भरकम बजट भी खर्च किया गया था। लेकिन वास्तविकता में सरकार श्रद्धालुओं को सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कर पाई। महाकुंभ में हुई भगदड़ के बाद भी भाजपा सरकार ने कुछ सबक नहीं लिया जिसके कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इतना भयानक हादसा हो गया।

इस मौके पर मुख्य रुप से वीर सिंह यादव, डॉ. महेंद्र नागर, गजराज नागर चेयरमेन, इन्दर प्रधान, जिला महासचिव सुधीर तोमर, बाबूराम नेताजी, मेहंदी हसन, सुरेंद्र नागर, जगबीर नंबरदार, हैप्पी पंडित, सुदेश भाटी, आजाद नागर, जगत खारी, देवेंद्र भाटी, सुशील नागर, अनिल नागर, निशांत नागर आदि मौजूद रहे।

## गज़ल



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी (राही)
ज्ञानपुर (भदोही)

ज़िन्दगी यह अधिक दिन रहेगी नहीं,
छोंड़ ऐसी कहानी चले जाइए।
याद बन जाएं जो युग युगों के लिए,
छोड़ ऐसी निशानी चले जाइए।
छल कपट द्वंद से बजबजाते हुए,
प्यार के दुश्मनों से बचाते हुए ,
आदमीयत के कुछ फलसफे देके जा,
बस्ती अम्नो- अमन की बसाते हुए,
भाई से भाई फिर से गले मिल सकें,
छोड़ यादें पुरानी चले जाइए।
कंठ की बोलियां रुक न पाएं कभीं,
नीति की चोलियां बिक न जाएं कहीं,
दोस्ती का नहीं अपहरण हो सके,
'राही' अपनी कलम से न जो लिख सके,
कद्रदानी के चर्चे रहें हर तरफ,
छोंड़ ऐसी बयानी चले जाइए।

# पूँजीवाद को बढ़ावा दे रही है भाजपा सरकार : सुधीर भाटी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को ग्रेटर नोएडा के हल्दौनी गांव में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष कुंवर नादिर अली के संयोजन में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद देश भर में पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। वर्तमान सरकार उनके हितों को अनदेखा कर उनका शोषण कर रही है और कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों को मुख्य धारा में जोड़ने और उन्हें सम्मान दिलाने का काम किया गया था।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूंजीवाद को बढ़ावा दे रही है। आज सरकार द्वारा चंद औद्योगिक घरानों को लाभ पहुंचाने की नीयत से कानून बनाये जा रहे है, जिस कारण जनता को महगाई बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस मौके पर मुख्य रुप से डॉ महेंद्र नागर, गजराज नागर चेयरमैन, राहुल अवाना, विकास जतन भाटी, संजय यादव, सीपी सोलंकी, हाजी नसीम, अलीशेर, हैप्पी पंडित, नीतीश भाटी, अनुज भाटी, पोली, कुंवर रेहान, शेरशाह एडवोकेट, मुफ्ती वाहिद, सुमित राणा, मुनेश्वर गुप्ता, इमरान चौधरी, मुकीम चौधरी, डॉक्टर अब्बास आदि मौजूद रहे।

# भाकियू (बलराज) ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) ने कल तिलपता चौकी इंचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया। भाकियू का आरोप है कि चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र यादव भू-माफियाओं का साथ दे रहे हैं।

इस अवसर पर महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चंद्रपाल बंसल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रंगीलाल भाटी, प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष योगेश वैष्णव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भड़ाना, प्रदेश महासचिव दिलदार अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल भाटी, प्रदेश सचिव सोनू खारी, प्रदेश सचिव यामीन अंसारी, प्रदेश महामंत्री रामरिक भाटी, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष हरेन्द्र कुलेसरा, जिलाध्यक्ष मुरादाबाद फहीम मंसूरी, दादरी तहसील अध्यक्ष सोविदंर भाटी, युवा जिलाध्यक्ष प्रवीन कौशिक, जिला महासचिव मनीष पीलवान, जिला सचिव मनीष पंडित, जिला उपाध्यक्ष राजू भाटी, ग्राम अध्यक्ष इलहाबास ब्रह्मचंद बैरागी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# कामायनी फाउंडेशन ने ज़िला कारागार में महिला कैदियों को वितरित किए कपड़े



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ज़िला कारागार गौतमबुद्धनगर में कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन कुमार सैन ने जेल अधीक्षक बृजेश सिंह, जेलर राजीव सिंह और डिप्टी जेलर शिशिर कुशवाहा के साथ मिलकर महिला कैदियों को कॉटन सूट कपड़े वितरित किए।

सर्दी के इस मौसम में सूट का वितरण करना सच्ची मानव सेवा है, और ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। सूट कपड़े वितरण से महिला कैदियों को ठंड से राहत मिलेगी।

जेल अधीक्षक बृजेश सिंह, जेलर राजीव सिंह, डिप्टी जेलर शिशिर कुशवाहा और महिला कैदियों ने कामायनी फाउंडेशन को धन्यवाद प्रेषित किया।

इस अवसर पर संजय भैया, चेयरमैन, बिलासपुर नगर पंचायत, एवं कामायनी फाउंडेशन के अन्य सदस्य एडवोकेट कविता नागर, अतुल गुर्जर, एडवोकेट अर्चना सिंह (रुस्तमपुर) आदि लोग मौजूद रहे।

# 70 फीट ऊंचाई से नीचे गिरे आठ मजदूर, गंभीर रूप से घायल

**गाजियाबाद।** मुरादनगर के उखलारसी बंबा रोड पर श्मशान घाट परिसर में रविवार को निर्माणधीन पानी की टंकी की शैटरिंग गिरने से काम कर रहे आठ मजदूर करीब 70 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए। हादसे में घायल मजदूरों को गाजियाबाद संजयनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया। एडीएम वित्त एवं राजस्व, डीसीपी ग्रामीण, एसीपी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। डीएम ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया।

शहर में पेयजल लाइन लाइन डालने के लिए जल जीवन मिशन के तहत ओवर हेड टैंक (पानी की टंकी)निर्माण कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत मुरादनगर शहर में 100 किमी लंबी पेयजल लाइन व आठ ओवर हेंड टैंक का निर्माण होना है। इसके चलते 14500 घरों में पानी का कनेक्शन दिया जायेगा। उखालरसी बंबा मार्ग स्थित श्मशान घाट परिसर में जल निगम द्वारा ओवर हेड टैंक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस स्थान पर दो दर्जन से अधिक मजदूर कार्य कर रहे है।

ओवरहेड टैंक को 70 फीट ऊंचा बनाया जा रहा। निर्माण कार्य करने के लिए शैटरिंग लगाई गई है। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे 14 मजदूर काम करने के लिए शैटरिंग पर चढ़ थे, मजदूर पानी की टंकी की छत की तली की मरम्मत कर रहे थे। इसी बीच अचानक शैटरिंग की बल्ली अपने स्थान से हट गई। इसके कारण शैटरिंग का एक बड़ा हिस्सा नीचे गिर गया। शैटरिंग खिसकने से काम कर रहे 8 मजदूर करीब 70 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए और जमीन पर मलबे में दब गये।

शैटरिंग गिरनेकी आवाज के साथ चीख पुकार मच गई, आसपास के लोग आवाज सुनते ही श्मशान घाट की तरफ दौड़े, हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने लोगों की मदद से मलबा हटाकर दबे मजदूरों को बाहर निकाला और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद घायलों को गाजियाबाद जिला संयुक्त अस्पताल के लिए रेफर किया गया। घायलों में एक मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# रोटरी क्लब ने बांटे निःशुल्क हेलमेट



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क यातायात जागरूकता अभियान एवं निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन जगत फार्म गोल चक्कर पर किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव (आईपीएस) उपस्थित रहे। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया और हेलमेट पहनने के लाभों पर प्रकाश डाला। यातायात जागरूकता अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव ने सड़क सुरक्षा के प्रति रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की और इसे एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल बताया।

इस अवसर पर विकास गर्ग, मुकुल गोयल, शुभम सिंघल, विनय गुप्ता, मोहित बंसल, आदित्य अग्रवाल, विशाल तायल, उदित गोयल, अभिषेक गोयल, राकेश शर्मा, सचिन गर्ग, मनु जिंदल, ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रफुल्ल श्रीवास्तव और ट्रैफिक पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीति-रिवाज से हुआ 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शहर के समाजसेवी ओमप्रकाश अग्रवाल ने अपनी 28वीं विवाह वर्षगांठ के अवसर पर जरूरतमंद 21 कन्याओं के सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन डी-48, साइट-4 के पास किया। इस पुनीत कार्य के लिए अग्रवाल परिवार को समाज के लोगों ने सराहा। सुबह 10 बजे जय किसान खल भंडार, साइट-4 से बारात निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ उत्साह का माहौल देखने को मिला। 7 बग्गियों में 21 दूल्हे सवार होकर विवाह स्थल पर पहुंचे, जहां वधू पक्ष की ओर से पूनम अग्रवाल ने तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत किया।

विवाह स्थल पर मंच पर जयमाला का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसके बाद संपूर्ण हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार 21 मंडपों में 21 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया। सभी वर-वधू ने फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की।

समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों और समाजसेवियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दीं। विवाह समारोह के सफल आयोजन के लिए नवविवाहित जोड़ों के परिवारों ने ओमप्रकाश अग्रवाल, उनके परिवार व समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



विवाह समारोह में ओमप्रकाश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, मनोज सिंघल, पवन बंसल, कमल बंसल, मुकुल गोयल, रामावतार अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, कमल गुप्ता, मनजीत सिंह, सौरभ बंसल, रवि शर्मा, जी. पी. गोस्वामी, मोनू जेवर, विनय गोयल, कपिल गुप्ता, के. के. शर्मा, अमित गोयल, पवन गुप्ता, कुलदीप शर्मा, बजरंग गोयल, अरुण गुप्ता, नितिन अग्रवाल, मनोज गोयल, राजेश भाटी, सत्यप्रकाश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, डी. के. गर्ग, अशोक अग्रवाल, पवन शर्मा सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# केवल एक अनुभवी तेज गेंदबाज के साथ उतरगी भारतीय टीम

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी



एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय टीम को 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कप्तान रोहित शर्मा भी पिछले कुछ समय से लगातार असफल रहे है। ऐसे में उनका लक्ष्य भी इस ट्रॉफी का जीतकर प्रशंसकों को खुश करना रहेगा। हालांकि ये इतना आसान भी नहीं है। इसका कारया मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नहीं होना है। बुमराह ने पिछले कुछ समय में हर सीरीज में अबसे अधिक विकेट लिए हैं। ऐसे में भारतीय टीम के पास मोहम्मद शमी के अलाव कोई भी अनुभवी तेज गेंदबाज नहीं है। टीम के पास अन्य तेज गेंदबाजों में युवा हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह है। वहीं टीम पांच स्पिनरों के साथ जा रही है।

टीम के साथ रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर रहेंगे। भारत के मैच दुबई में होने हैं जहां तेज गेंदबाजों को अधिक सफलता मिलती रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर 2009 के बाद से 58 एकदिवसीय खेले गये हैं जिसमें तेज गेंदबाजों को पांच से कम की इकॉनामी दर से 466 विकेट मिले हैं। वहीं स्पिनरों को 334 विकेट मिले हैं और उनकी किफायत दर 4.2 रही है। वहीं भारतीय टीम 5 स्पिनर लेकर जा रही है और उसे ये रणनीति भारी पड़ सकती है। उसके पास स्पिन ऑलराउंडर के रूप में रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल हैं जबकि विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव हैं। पांच स्पिनरों को लेकर जाने पर भी सवाल उठ रहे है क्योंकि दुबई की पिचों पर स्पिनरों को अधिक सहायता नहीं मिलती है। टीम में शामिल रहस्यमयी गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती से काफी उम्मीदें हैं और अब देखना है कि वह क्या करते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में लीग चरण में भारत को बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से खेलना है और इनमें से किसी ने भी वरुण का पहले सामना नहीं किया है। जडेजा और अक्षर का खेलना लगभग तय है और वरुण के खेलने पर कुलदीप यादव को बाहर रहना पड़ सकता है। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा, दुबई में पिच से गेंदबाजों को शारजाह की तुलना में अधिक मदद मिलती है। तेज गेंदबाजों को यहां सफलता मिलती रही है जिसकी वजह से पाकिस्तान ने टीम में अधिक तेज गेंदबाज चुने हैं हालांकि उन्हें यहां ज्यादा मैच नहीं खेलने हैं। बुमराह के बाहर होने पर सिराज की जगह राणा को चुनने पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि ऐसे टूनार्मेंटों में अनुभव खिलाड़ी की जरुरत रहती है। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या है मोहम्मद शमी और अर्शदीप या राणा के साथ तीसरे तेज गेंदबाज होंगे पर उनके साथ कई बार फिटनेस की समस्या आज जाती है।वहीं कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि पुरानी गेंद से अधिक प्रभावी नहीं होने के कारण ही सिराज को बाहर रखा गया। राणा ने टी20 में पदार्पण करके छठे गेंदबाज के तौर पर 33 रन देकर तीन विकेट लिए थे। भारतीय टीम की जीत के लिए कप्तान रोहित शर्मा औ अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को बड़ी पारियां खेलनी होंगी।



मिलान में महिलाओं के 1000 मीटर आईएसयू शॉर्ट ट्रैक विश्व टूर फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी क्रिस्टीयन सैंटोज और कोरीनी स्टोडार्ड भाग लेती हुई।

## खास खबर

### श्रेयंका डब्ल्यूपीएल से हुई बाहर

**मुम्बई ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की श्रेयंका पाटिल फिट नहीं होने के कारण महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के तीसरे सत्र से बाहर हो गयी हैं। आरसीबी के अनुसार श्रेयंका अपनी चोट से नहीं उबर पायी हैं। इसी कारण उनकी जगह पर ऑलराउंडर स्नेह राणा को शामिल किया गया है। फ्रेंचाइजी ने उनके बाहर होने की घोषणा करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी अपनी पिंडली की चोट से परेशान हैं जिसका वह अभी इलाज करायेंगी। श्रेयंका ने आरसीबी की ओर से पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 8 मैचों में 13 विकेट लिए थे। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए करारा झटका है। लीग में श्रेयंका के अलावा आशा शोभना और सोफी मोलिनक्स की चोटिल होकर बाहर हो गयी हैं। श्रेयंका की जगह पर शामिल राणा ने गुजरात जायंट्स के लिए डब्ल्यूपीएल के दो सत्रों के 12 मैचों में भाग लिया है। उसने दो मैचों में टीम की कप्तानी भी की थी।

### रणजी टीम से भी बाहर हुए यशस्वी

**मुम्बई ।** युवा सलामी बल्लेबाज जायसवाल को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में यशस्वी रणजी ट्रॉफी में खेलने जा रहे थे पर अब वह भी संभवन नहीं है। यशस्वी चोटिल होने के कारण रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से भी बाहर हो गए हैं। रणजी सेमीफाइनल नागपुर के जामठा में सोमवार से मुंबई और विदर्भ के बीच शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यशस्वी के बाएं टखने में दर्द है और उनको जांच के लिए बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ले जाया जाएगा। आज रविवार को नागपुर में मुंबई के अभ्यास सत्र में फील्डिंग पर नेट्स में बल्लेबाजी करते समय उन्हें दर्द उभरने लगा। कहा जा रहा है कि उनकी पुरानी चोट फिर से उभर आई है। अब उनकी रिकवरी प्रक्रिया बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होगी। यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है और दोनो को ही नॉन ट्रैवलिंग सब्स्टीट्यूट के तौर पर रखा गया है।

### अशरफ के चयन से नाराज हैं कप्तान

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने कहा है कि टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान के मना करने के बाद भी जिस प्रकार चयनसमिति ने ऑलराउंडर फहीम अशरफ को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शामिल किया है। उससे रिजवान नाराज हैं, बासित ने कहा कि इस प्रकार चयनसमिति और कप्तान के बीच मतभेद होने का नुकसान टीम को हो सकता है। इस बात के सामने आने के बाद से ही पाक क्रिकेट में व्याप्त मतभेद सामने आ गये हैं। बासित ने कहा कि एक कप्तान तब गेंदबाज को नहीं बदलता जब वह अपने स्पेल में कम रन दे रहा हो। उन्होंने कहा कि फहीम के चयन से रिजवान नाराज हैं। इसी कारण दो ओवर में केवल नौ रन देने के बाद रिजवान ने उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई सीरीज के फाइनल में बदल दिया था। इस मैच में पाक टीम ने अपने तेज गेंदबाजों शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के साथ गेंदबाजी शुरू की।

## द रांची प्रेस क्लब का मीडिया क्रिकेट कप टूर्नामेंट 2025 संपन्न

# मयूराक्षी ने अमानत को रोमांचक मुकाबले में हराया, जीता खिताब





### शमीम राजा बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

एजेंसी

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया क्रिकेट कप 2025 का आयोजन रविवार को शानदार समापन हुआ। जेके क्रिकेट अकेडमी मैदान में खेले गए मीडिया कप के फाइनल मुकाबले में मयूराक्षी ने अमानत को रोमांचक मुकाबले में हराकर इस वर्ष का खिताब अपने नाम किया। मयूराक्षी को आखिरी ओवर में 12 रन की जरूरत थी। संतोष सिन्हा ने 2 गेंदों में दो शानदार 2 छक्के की मदद से मुकाबले में जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले से पहले प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ। जेके इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील से राजेश राजन, अपूर्व शुक्ला, अमित गुप्ता, को- स्पोंसर अडानी पावर से पंकज कुमार, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के निदेशक स्वामी देवेंद्र प्रकाश, एलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट से धीरज भोगता व रामसिंह, टाइटन प्लस हरमू से सुजीत कुमार, सरला बिरला कॉलेज से प्रदीप वर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। फाइनल मुकाबले से पहले रांची प्रेस क्लब और जमशेदपुर प्रेस क्लब में बीच मैत्री मुकाबला खेला गया। जिसमें जमशेदपुर ने जीत दर्ज की।

फाइनल के मौके पर वरिष्ठ पत्रकारों मे अनुज सिन्हा, विजय पाठक,ओमप्रकाश मालवीय, रेखा पाठक, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, अखिलेश सिंह पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, जेएससीए से जय कुमार सिन्हा, पंकज कुमार पाठक, मैनेजिंग कमिटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, संयुक्त सचिव रतन लाल कार्यकारणी सदस्य विजय मिश्रा, मोनू कुमार, अलोक सिन्हा, आरजे अरविन्द, सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, अंजनी कुमार, राजू प्रसाद, संजय सुमन उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता के अन्य अवार्ड**

**प्लेयर ऑफ द सीरीज : शमीम राजा**
**बेस्ट बैटर : शमीम राजा**
**बेस्ट बॉलर : कमलेश मिश्रा**
**बेस्ट विकेटकीपर : सुशील सिंह मंटू**

**आखिरी ओवर में जीत के हीरो बने संतोष**

फाइनल मुकाबला अमानत और मयूराक्षी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमानत ने निर्धारित 16 ओवर में 4 विकेट खोकर 133 रनों बनाए। अमानत की ओर से समीर सृजन ने 26 गेंदों में 43 रन और कुमार सौरभ ने 28 रनों की जुझारू पारी खेली। मयूराक्षी कि ओर से शमीम राजा, बिपिन पाण्डेय और कमलेश मिश्रा ने 1-1 विकेट लिए। लो स्कोरिंग मुकाबले में फाइनल का रोमांच कम नहीं हुआ। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मयूराक्षी के कप्तान ने 25 गेंदों में 55 रन की शानदार शुरूआत दी। दिलीप सिंह और असगर खान ने 2- 2 विकेट लेकर अमानत को वापस खेल में ले आया। बिपिन कुमार पांडे के 23 रन पर रनआउट होने के बाद मुकाबला अमानत की ओर झुकने लगा। लेकिन अंतिम ओवर में समीर सृजन के लगातार दो गेंदों पर दो छक्के लगाकर संतोष सिन्हा ने अमानत के मुंह से जीत छीन मयूराक्षी कि ओर कर दिया। फाइनल मुकाबले में शमीम राजा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## सीनियर फेडरेशन कप झारखंड राज्यस्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल 22 को रांची में

Jharkhand State Wrestling Association RANCHI

एजेंसी

**रांची ।** सीनियर फेडरेशन कप राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2025 में भाग लेने के लिए झारखण्ड राज्य सीनियर फेडरेशन कप पुरुष ग्रीको रोमन स्टाइल एवं (महिला फ्रीस्टाइल में 50केजी) का एक दिवसीय कुश्ती चयन ट्रायल का आयोजन 22 फरवरी प्रातः 10:00 बजे से गणपत राय इनडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 20 साल (2005) एवं इससे ऊपर के सभी पहलवान भाग ले सकते हैं एवं 19एवं 18 साल (2006/2007 जन्मतिथि) के प्रतिभागी मेडिकल सर्टिफिकेट/ पैरेंटल सर्टिफिकेट के साथ भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए अपने साथ पंचायत या नगर परिषद द्वारा निर्गत जन्म प्रमाणपत्र,आधार कार्ड,आवासीय प्रमाण पत्र की मूल एवं छाया प्रति और अपना पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाना अनिवार्य होगा। उक्त चयन ट्रायल के आधार पर चयनित खिलाड़ी सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता 2025 जो की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में आयोजित है उसमें झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### रहाणे को कप्तान बना सकती है केकेआर

**मुम्बई ।** कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) आईपीएल के 2025 सत्र के लिए बल्लेबाज आजिंक्य रहाणें को कप्तान बना सकती है। केकेआर ने इस सत्र के लिए अभी तक कप्तान के नाम की घोषणा नहीं की है। केकेआर ने रहाणे को आईपीएल नीलामी में खरीदा था। पिछले सत्र में टीम को खिताबी जीत दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को इस बार केकेआर ने रिटेन नहीं किया था। इस कारण अब उसे इस सत्र के लिए नये कप्तान को नियुक्त करना है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार रहाणे को केकेआर अपना नया कप्तान बना सकती है. हालांकि अभी तक उनके नाम की घोषणा नहीं हुई है। आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के पहले दौर में रहाणे को कोई खरीददार नहीं मिला था पर उन्हें केकेआर ने दूसरे दौर में खरीद लिया था।

## भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

**भारतीय रिजर्व बैंक, रांची, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, एसएलबीसी एवं नाबार्ड की टीमों ने लिया भाग**



एजेंसी

**रांची ।** भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अपने नवोन्मेषी कार्यक्रमों और अभिनव पहलों की श्रृंखला की एक और कड़ी के रूप में रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने 90 गेंदों की क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट@90 का आयोजन किया। इस अनूठी प्रतियोगिता में भारतीय रिजर्व बैंक, राँची, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, एसएलबीसी एवं नाबार्ड की टीमों ने भाग लिया। रांची के सेंट्रल एकेडमी, बुद्धिस्ट मिशन कैंपस के मैदान में रविवार, 16 फरवरी 2025 को आयोजित इस प्रतियोगिता में भारतीय रिजर्व बैंक, रांची की टीम ने क्षेत्रीय निदेशक श्री प्रेम रंजन प्रसाद सिंह के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में एसएलबीसी की टीम को हराकर विजय प्राप्त की। पांच गेंद प्रति ओवर, कुल नौ ओवर और नौ खिलाड़ियों के दल जैसे अनोखे नियमों और रोमांचक मुकाबलों से भरी इस प्रतियोगिता ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। झारखंड राज्य में 90 गेंदों के इस अनूठे प्रारूप का यह पहला प्रयोग था, जिसने क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों दोनों के लिए इसे अविस्मरणीय बना दिया। रोमांचक और चुनौतीपूर्ण पलों से सजी इस प्रतियोगिता में हर टीम ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया। प्रतिस्पर्धा इतनी तीव्र थी कि हर गेंद और हर रन निर्णायक साबित हो रहे थे। खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। क्रिकेट के इस नवाचारी आयोजन ने साबित किया कि खेल में नए प्रयोग और उत्साह का मेल, इसे और भी रोमांचक बना सकता है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में स्मिथ पारी शुरू करें : गिलक्रिस्ट



एजेंसी

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज रहे क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में कप्तानी कर स्टीव स्मिथ पारी की शुरूआत करें। गिलक्रिस्ट के अनुसार इससे स्मिथ को अधिक से अधिक गेंदें खेलने के लिए मिलेंगी। इससे पहले हुए श्रीलंका दौरे में स्मिथ ने मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर काफी कम रन बनाये थे। गिलक्रिस्ट के अनुसार युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। ऐसे में स्मिथ को पारी शुरू करनी चाहिए। गिलक्रिस्ट के अनुसार मैट शॉर्ट को भी शीर्ष क्रम में ट्रैविस हेड के साथ उतारा जा सकता है पर अभी स्मिथ को पारी शुरू करनी चाहिए क्योंकि शॉर्ट के पास अधिक अनभव नहीं है। उन्होंने कहा,मुझे मैट को बल्लेबाजी में हैड के साथ उतारना भी अच्छा प्रयोग लग रहा है। इससे बाएं हाथ और दाएं हाथ का अच्छा संयोजन बनेगा। वहीं स्मिथ भी पारी शुरू कर कर सकते हैं, टी20 में हमने उन्हें 20 ओवर के क्रिकेट में ऐसा करते हुए देखा है। वह मध्यक्रम में काफी अच्छे बल्लेबाजी है पर पारी की शुरूआत में भी वह सफल रहेंगे। इससे उन्हें ज्यादा गेंदों का सामना करने का अवसर मिलेगा। टीम चैंपियंस ट्रॉफी में मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे शीर्ष तेज गेंदबाजों के बिना उतरेगी। इसके अलावा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और मिशेल मार्श भी उसके साथ नहीं हैं , ऐसे में युवा खिलाड़ियों पर अधिक जम्मेदारी है। ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी के लीग चरण के मैचों में इंग्लैंड, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करना है। गिलक्रिस्ट को लगता है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी सीमित तैयारी के कारण टीम को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

### कृष चंद्र एवं राजअदिति कुमारी की जोड़ी जीते रजत पदक

**जुनियर नेशनल आॅर्चरी चैंपियनशिप**



**रांची ।** 11 फरवरी से लेकर 17 फरवरी 2025 तक आयोजित जिसमें आज मिक्स टीम कंपाउंट इवेंट मे कृष चंद्र एवं राजअदिति कुमारी की जोड़ी ने महाराष्ट्र की टीम से हार कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस जीत के लिए झारखंड तीरंदाजी संघ के सचिव द्रोणाचार्य पूर्णिमा महतो समेत सभी प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं विराट



एजेंसी

**मुम्बई ।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास एक अहम रिकार्ड बनाने का अवसर है। विराट इस टूनार्मेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले शीर्ष खिलाड़ी बन सकते हैं। भारतीय टीम 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरूआत करेगी और दौरान सभी की नजरें विराट कोहली पर रहेंगी। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक लगाकर फार्म हासिल कर लिया है। ऐसे में सभी को उनसे अधिक से अधिक रन बनाने की उम्मीदें रहेंगी। विराट अपनी चौथी चैंपियंस ट्रॉफी खेल रहे हैं। विराट ने अब तक 13 मैचों में 529 रन बनाए हैं और इस प्रकार वह भारतीय टीम के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के सफल बल्लेबाज बनने के लिए केव 173 रन चाहिये। अभी शिखर धवन के नाम चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक रन हैं, जिन्होंने 2013 और 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 701 रन बनाए थे। धवन दोनों चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। भारत ने 2013 में ट्रॉफी जीती थी जबकि 2017 में टीम फाइनल तक पहुंची थी। वहीं पूर्व कप्तान सौरव गांगुली 665 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2000 और 2002 में चैंपियंस ट्रॉफी खेले थे। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी में 12 पारियों में 529 रन बनाए हैं, जिसमें पांच अर्धशतक भी शामिल हैं।



# रणवीर इलाहाबादिया मामले पर विद्युत ने दी प्रतिक्रिया

समय रैना और रणवीर इलाहाबादिया का विवादित टिप्पणी का मामला अभी सुर्खियों में है। इस मामले पर कई बॉलीवुड सितारों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अब इस मामले पर एक्शन हीरो विद्युत जामवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की है और इसमें उन्होंने कहा है कि विनाश काले विपरीत बुद्धि। उन्होंने आगे कहा है कि ये पैगाम मेरे फैंस के लिए है। मैं कुंभ से वापस आ चुका हूं। मैं इसकी सभी फोटो और वीडियो कल अपलोड करूंगा। ये बहुत अच्छी हैं।

### जब विनाश का समय आता है तो बुद्धि पलट जाती है

विद्युत जामवाल ने विवादित टिप्पणी मामले के बारे में कहा मैंने रणवीर इलाहाबादिया के विवाद के बारे में सुना और इस पर मेरी पहली प्रतिक्रिया है विनाश काले विपरीत बुद्धि। ये मुर्खता थी। लेकिन दोपहर से मैं सोच रहा हूं कि उन्होंने बहुत बड़ी गलती की है और लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। लोग उनके करियर को खत्म करना चाहते हैं और हंस रहे हैं।

### माफ करने से दिमाग साफ होता है

विद्युत ने वीडियो में कहा है कि लोग कह रहे हैं कि एक गलती की वजह से किसी व्यक्ति को जिंदगीभर पछताना पड़ सकता है। मैं कहता हूं ठीक है, लेकिन ये बताइए कि रणवीर के पोडकास्ट में कौन था। विद्युत ने कहा कि अपना दिमाग साफ रखने के लिए आपको करुणा, दया, और माफ करना सीखना चाहिए। हम ये कब कर सकते हैं? विद्युत ने अपने फैंस से पूछा है कि हमें उन्हें माफ करना चाहिए या नहीं? हमारे पास माफ करने की ताकत है। हम बड़े पापियों को भी माफ कर देते हैं। आप क्या सोचते हैं? हमे आपसे प्यार है।

### क्या है पूरा मामला?

आपको बता दें कि रणवीर इलाहाबादिया ने इंडियाज गॉट लैटेंट शो में एक प्रतियोगी से उसके मां-बाप के बारे में अभद्र सवाल पूछे थे। इस पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की। रणवीर ने इस मामले पर लोगों से माफी मांगी है। कई सितारों ने इस मामले के लिए रणवीर के खिलाफ कार्रवाई की बात कही तो कई सितारे ऐसे हैं, जिन्होंने कहा है कि रणवीर माफ कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में मुंबई पुलिस जांच कर रही है।



# वैलेंटाइन डे पर ऋचा ने दिया फैंस को तोहफा, आखिरी सोमवार में आएंगी नजर; खुद लिखी ये प्रेम कहानी

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने आज वैलेंटाइन डे के खास मौके पर फैंस को प्यार भरा तोहफा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे खुद अपनी ही लिखी लव स्टोरी में अभिनय करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने खुद ये प्रेम कहानी भी लिखी। फिल्म का नाम फिलहाल आखिरी सोमवार रखा गया है।

### खुद लिखी फिल्म की कहानी

ऋचा चड्ढा ने बताया कि दूसरे लॉकडाउन के दौरान वे सिर्फ निर्माता बनकर खुश नहीं थीं। उन्होंने इस दौरान एक कहानी भी लिखी। इसी कहानी पर अब वे खुद अभिनय करने को भी तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री बेहद उत्साहित हैं।

### कुछ ऐसी है कहानी

फिल्म की कहानी एक टीवी रियलिटी शो के निर्माता के बारे में है। इस निर्माता को जब ऑफिस में कोई चाइल्डिस कैट लेडी कह देता है तो वह उससे शादी करने की ठान लेती है। ऋचा ने कहा, मिडिल क्लास पंजाबी परिवार में बड़े होने से मेरा एक्सपीरियंस ऐसा रहा। मेरे सभी बड़े कजिन ने अरेंज मैरिज की है। यह कहानी भी कुछ ऐसी ही है जो एक परिवार के इर्द गिर्द ही घूमती है, यह एक फैमली मूवी है, जो आपके साथ आपके परिवार को भी पसंद आएगी।

### युवा सोच को लेकर दी अपनी राय

ऋचा ने कहा, जब हम कॉलेज से पास होते हैं, तो बहुत सारे सपने लेकर बाहर आते हैं। कोई नौकरी में जाता है कोई बिजनेस में। जब आप 30 के होते हैं तो एक नौकरी और परिवार दोनों की आशा रखते हैं, लेकिन समाज को लगता है कि बहुत देर हो चुकी है और आप थक जाते हैं क्योंकि ये सपने अब हासिल नहीं किए जा सकते। आखिरी सोमवार भी एक ऐसी कहानी है जो पहले टूटने और फिर साथ आने की कहानी है।

### निर्माता के तौर पर खास है कहानी

ऋचा ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में, मेरी कॉमिक टाइमिंग का बहुत कम उपयोग किया गया है। हालांकि, मार्केट के हिसाब से देखें तो यह फिल्म कमाई करने की खास कहानी है। फिल्म का निर्देशन कौन करेगा, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।



# कार्तिक के लिए साउथ से इम्पोर्ट हुई हीरोइन

हिंदी सिनेमा के चोटी के सितारों में गिने जाते रहे अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' के बॉक्स ऑफिस पर सुपर फ्लॉप होने के बाद से हालत खस्ता है। उनके पास ले देकर गिनती की बस दो फिल्में हैं। फिल्म 'भूल भुलैया 3' के सुपरहिट होने के बाद भी उनके पास नई फिल्मों के प्रस्ताव न आने का मामला भी काफी रोचक रहा है। राजश्री प्रोडक्शन्स की फिल्म से बाहर होने के बाद से कार्तिक आर्यन को उनकी नई फिल्मों के लिए हीरोइन मिलने का संकट भी रहा है।

अब पता चला है कि उनकी अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही फिल्म के लिए साउथ की उस हीरोइन को फाइनल किया गया है जिसने फिल्म 'पुष्पा 2' में आइटम डांस किया है। इस हीरोइन का नाम है श्री लीला। अमेरिका की रहने वाली श्री लीला की एक फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ निर्माणाधीन है। इसके अलावा वह फिल्म 'रॉबिनहुड' भी कर रही हैं। हिंदी सिनेमा में श्री लीला की चर्चा सबसे पहले 'छावा' के निर्माता दिनेश विजन की फिल्म 'दिलेर' की हीरोइन बनने के समय हुई। ये फिल्म सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम की डेब्यू फिल्म होनी थी, लेकिन फिल्म ट्रेड में फिल्म के गर्म न हो पाने पर इब्राहिम का डेब्यू अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही करण जौहर की फिल्म 'नादानियां' से होगा।

श्री लीला का नाम कार्तिक आर्यन की नई हीरोइन के लिए उस फिल्म के लिए भी करीब करीब फाइनल हो चुका है जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं और जिसकी हीरोइन पहले तृप्ति डिमरी थीं। अनुराग की फिल्म की शूटिंग अगले महीने से शुरू होने जा रही है। ये एक म्यूजिकल फिल्म होगी, जिसका संगीत प्रीतम तैयार कर चुके हैं। फिल्म 'भूल भुलैया 3' के समय अपने साथ किए गए व्यवहार को लेकर तृप्ति ने ही कार्तिक के साथ काम करने से मना किया है। हिंदी सिनेमा की स्थापित हीरोइनों में से तमाम दूसरी हीरोइन भी कार्तिक के साथ काम करने की अनिच्छा प्रकट कर चुकी हैं। इसी के चलते धर्मा प्रोडक्शंस के साथ बन रही उनकी अगली फिल्म में अनन्या पांडे को हीरोइन बनाया गया है।



# अश्विनी की फिल्म में नजर आएंगी सोनाक्षी सिन्हा

नि ल बटे सन्नाटा, बरेली की बर्फी और पंगा जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाले अश्विनी अय्यर तिवारी ने अपने लिए एक अलग ग्राफ सेट किया है। उन्होंने इमोशनल कहानियों के साथ अपनी एक अलग पहचान बनाई। अब वे एक नए ड्रामा से वापसी करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में वो सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका को कास्ट करने वाली हैं। सोनाक्षी को हीरामंडी में से शेड वाले कैरेक्टर के लिए काफी तारीफ मिली थी। इस प्रोजेक्ट को कोर्टरूम ड्रामा बताया जा रहा है और इस फिल्म को डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज किया जाएगा। इसकी शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होने वाली है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म पर पिछले दो सालों से काम चल रहा है। शुरुआत में इसे करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को आफर किया गया था। हालांकि, उनके साथ बात नहीं बनीं जिसकी वजह से फिल्म में देरी हुई। अब सोनाक्षी और ज्योतिका के साथ ये फिल्म बनाई जा रही है। यह सोनाक्षी की पहली लीगल ड्रामा है। फिल्म में सोनाक्षी के अलावा ज्योतिका भी लीड रोल में हैं।



# कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। रकुल ने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है, इसमें मोटिवेशन कोट लिखा है। रकुल ने पोस्ट में लिखा कि हमारा कंफर्ट जोन हमें अच्छा तो लगता है लेकिन ये हमें आगे नहीं बढ़ने देता है।

### कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है

अभिनेता रकुल प्रीत सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने मन के विचार साझा किए हैं। उन्होंने पोस्ट किया- आपका कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है। यह बहुत अच्छी जगह है लेकिन यह आपको प्रगति नहीं करने देता। रकुल प्रीत सिंह की पोस्ट को फैंस ने बहुत पसंद किया है। कैप्शन में रकुल ने लिखा कि जो है, सो है।

### हिंदी फिल्मों में करना था काम

रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू में कहा था की बचपन से उनका सपना हिंदी फिल्मों में ही करियर बनाना था। उनका साउथ में काम करना एक खूबसूरत इत्तेफाक है। साउथ सिनेमा में अपना परचम लहराने के बाद रकुल ने 2014 में फिल्म यारियां से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

रकुल प्रीत सिंह, अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी फिल्म 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को बड़े पर्दे के साथ ओटीटी पर भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। वे इससे पहले पति पत्नी और वो, हैप्पी भाग जाएगी और खेल खेल में जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रकुल प्रीत सिंह दे दे प्यार दे 2, इंडियन 3 जैसी आगामी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।





# तब सनम तेरी कसम नहीं चली, मुझे फिल्मों के कॉल्स नहीं आए, समझ नहीं आ रहा था क्या करूं

साउथ इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड में कई फिल्मों में नजर आए जाने-माने एक्टर हर्षवर्धन राणे इन दिनों काफी खुश हैं। उनकी फिल्म सनम तेरी कसम तकरीबन 9 साल बाद री-रिलीज हुई है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही है। पिछले दिनों हसीन दिलरुबा, तैश, दंगे जैसी फिल्मों में दिखे।

हर्षवर्धन उस वक्त मात्र 16 साल के थे, जब वे एक्टिंग के जुनून में घर से भागे थे। घर से भागने के बाद उन्होंने काफी संघर्ष किया। अपने करियर के मुश्किल दौर के बारे में वे कहते हैं, जब इंडस्ट्री में आपको ब्रेक मिलता है, तो लोग कहते हैं, अब तो तुम हीरो बन जाओगे, तुम्हारे पास फिल्मों की लाइन लग जाएगी। मगर मेरी फिल्म सनम तेरी कसम आई। फिल्म को लेकर मेरे कई बड़े-बड़े ख्वाब थे। फिल्म नहीं चली। मुझे फिल्मों के कोई कॉल्स नहीं आए। वो वक्त बहुत ज्यादा कठिन था, मैं समझ ही नहीं पा रहा था कि उसे कैसे हैंडल करूं।

### गाली-गलौज वाला कॉन्टेंट नहीं कर सकता

ओटीटी पर हसीन दिलरुबा और तैश जैसे प्रॉजेक्ट्स में नजर आए हर्षवर्धन अन्य कलाकारों की तरह ओटीटी पर ज्यादा काम नहीं कर रहे हैं। कारण बताते हुए वे कहते हैं, मैं गाली-गलौज वाला कॉन्टेंट नहीं कर सकता। परदे के किरदारों की बात करूं तो मुझे मुझे गालियां देने में मजा नहीं आता। स्क्रीन पर फालतू के अंतरंग सीन करने में मुझे रुचि नहीं है। बहुत ज्यादा खून-खराबा हो रहा है, इन दिनों फिल्मों और ओटीटी पर। अगर कहानी की मांग है, तो बात अलग है, वरना आजकल बिना बात के अब्यूसिव कॉन्टेंट बहुत है। मेरी पिछली फिल्म दंगे को यू सर्टिफिकेट इसीलिए दिया गया था, क्योंकि वो वयस्कों का कॉन्टेंट था। जो कॉन्टेंट मैं अपने पेरेंट्स के साथ नहीं देख पाऊं या फिर परिवार संग न देख सकूं, तो मुझे नहीं करना। तो ज्यादातर मेरी चॉइस वहीं पर अटक जाती। क्योंकि मेरे पास भी उसी तरह के ऑफर आते हैं और मैं हां नहीं कर पाता।

### अब फिल्म के पार्ट टू का रास्ता खुलेगा

सनम तेरी कसम अपनी री रिलीज पर अच्छा बिजनेस कर रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले दिन 4 करोड़ से भी ज्यादा का बिजनेस किया है। इस पर हर्ष खुशी जताते हुए कहते हैं, मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि अंततः मेरे निर्माता दीपक मुकुट के चेहरे पर मुस्कराहट आई। भले वो खुशी उन्हें 9 साल बाद मिली हो। एक अरसे से लोग मुझसे पूछा करते थे कि आप पार्ट टू कब लेकर आओगे, तो मैं क्या जवाब देता? अरे भाई पार्ट टू लाना इतना आसान होता है क्या, मगर सीधी-सी बात है कि फिल्म अच्छा करेगी, तो इसके पार्ट 2 का रास्ता खुलेगा। अब जब फिल्म दोबारा रिलीज हुई है, तो फिल्म से जुड़ी कई यादें ताज़ा हो गई हैं।

### मावरा ने खुद को अपने किरदार के प्रति समर्पित कर दिया था

आज से तकरीबन 9 साल पहले आई इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे की हीरोइन पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुक्कैन थीं। हर्षवर्धन और मावरा की केमेस्ट्री काफी पसंद की गई थी। हर्षवर्धन कहते हैं, मावरा के बारे में मैं इतना ही कहूंगा कि वे बहुत ही मेहनती और ईमानदार अभिनेत्री हैं। उन्होंने किरदार के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया था ,उनके साथ काम करके बहुत मजा आया था। हाल ही में उनकी शादी हुई है और मुझे लगता है कि बॉक्स ऑफिस पर जो नंबर्स आ रहे हैं, उससे बेहतर वेडिंग गिफ्ट उनके लिए क्या हो सकती है?

# दिलजीत की लाइफ पर बनने जा रही है डॉक्यूमेंट्री

दिलजीत दोसांझ ने न केवल भारतीय, बल्कि विदेशी दर्शकों का भी दिल जीता है। खासकर दिल लुमिनाटी टूर के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। खबर है कि उनके जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री के लिए अमेरिकी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हुलू से उनकी बातचीत चल रही है। इस सीरीज के जॉरर लोगों को दिलजीत को करीब से जानने का मौका मिलेगा। इस कड़ी में उनके शुरुआती संघर्ष से लेकर दुनियाभर में उनके स्टारडम का कहानी हम सभी के सामने होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म को पूरा भरोसा है कि दिलजीत की कहानी दुनियाभर के दर्शकों को प्रेरित करेगी, क्योंकि उन्होंने पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री को वैश्विक पहचान दिलाई है। डॉक्यूमेंट्री के जरिए यह भी दिखाया जाएगा कि किस तरह गायक और उनके पंजाबी संगीत ने वैश्विक स्तर पर क्या प्रभाव डाला है। इसकी शूटिंग इसी साल होगी। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज की शूटिंग इसी साल शुरू होगी।



# सैक्टर-108 में बना सामुदायिक केन्द्र जनता को किया गया समर्पित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सैक्टर-108 के निवासियों द्वारा शादी-विवाह एवं अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए काफी समय से एक बारातघर की मांग की जा रही थी। अब नौएडा प्राधिकरण द्वारा रु0 353.652 लाख की लागत से नये बारातघर का निर्माण कराया गया है, जिसका नोएडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज सिंह द्वारा लोकार्पित किया गया।

उक्त परियोजना के लोकार्पण के अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय निवासियों की सुविधा के दृष्टिगत आगामी जनहित के कार्यो की भी घोषणा की गई, जिनमें रु0 30.00 करोड़ की लागत से नौएडा-ग्रेटर नौएडा एक्सप्रेस-वे के समानान्तर जे0पी0 फ्लाईओवर से पंचशील इन्टर कॉलेज तक नाले का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। साथ ही रु0 8.50 करोड़ की लागत से एक्सप्रेस-वे के समानान्तर एल्डिको से एडवान्ट तक मार्ग पर बिटुमिन के कार्य प्रस्तावित है। विधायक द्वारा उक्त कार्यों को जनहित में शीघ्र किये जाने का आश्वासन दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक के साथ नौएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी महेन्द्र प्रसाद, नौएडा प्राधिकरण के महाप्रबन्धक आर0पी0 सिंह, उप महाप्रबन्धक (सिविल) विजय रावल, वरिष्ठ प्रबन्धक-8 के वरिष्ठ प्रबन्धक फोनर्वा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा एवं सम्बन्धित आर0डब्ल्यूएए0 के अध्यक्ष, महासचिव इत्यादि प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# पंचायत कर सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सपा नोएडा महानगर ने बरौला सेक्टर-49 व सेक्टर-8 में पीडीए पंचायत कर लोगों को सपा कार्यकाल में हुए विकास कार्यों के बारे में बताया। व वर्तमान सरकार की गलत नीतियों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया।

प्रदेश सचिव जय करण चौधरी वह विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। महानगर महासचिव विकास यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मन में समाज के पीड़ितों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए पीडीए के माध्यम से प्रत्येक बूथों पर जन पंचायत कार्यक्रम के तहत जनता को जगाना है। कार्यक्रम का संचालन मुकेश प्रधान के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में धर्मवीर प्रधान, धर्मपाल प्रधान, मुकेश प्रधान बाबा भागीरथ, सूरजपाल मकवाना, मुन्ना आलम, नेहा पांडे, फूल सिंह, राणा मुखर्जी, सौरभ चौहान, राम सहेली, संतोष चौटाला, मोहित कुमार,चंकी भाई, रोहित वाल्मीकि, आकाश कुमार, जैन जीनवाल, सूरजपाल, सरजन कुमार, विनोद महिपाल सुरजीत, बंटी मोतीलाल यादव, लोहा सिंह, अवधेश सिंह, सुरेश, मोहित, चंकी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नोएडा के अतुल यादव को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर डॉ इमरान राष्ट्रीय अध्यक्ष (समाजवादी छात्रसभा) नें अतुल यादव बहलोलपुर सेक्टर-63 A निवासी को समाजवादी पार्टी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (छात्र सभा) नियुक्त किया है।

अतुल यादव पूर्व में नोएडा महानगर के समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के अध्यक्ष रह चुके है । इससे पहले नोएडा में 2022 के चुनाव में नोएडा विधान सभा बूथ प्रभारी भी रहे है । किसान आंदोलन में जेल गये थे ।

अतुल यादव के लगातार पार्टी के लिए संघर्ष करने और किसानों के लिए संघर्ष को देखते हुए पार्टी ने महत्वपूर्ण और बड़ी जिम्मेदारी दी हैं। अतुल यादव का कहना है उनकी यह उपलब्धि उनके साथियों को समर्पित है।



# दुर्घटनाओं को कम करने तथा सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** इंदिरा गांधी कला केंद्र सेक्टर-6 नोएडा के सभागार में विगत दिवस परिवहन विभाग गाजियाबाद एवं नोएडा द्वारा उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा पर एक वृहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें 'सड़क सुरक्षा चुनौतियां और समाधान' विषयक इस गोष्ठी में परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ साथ, गाजियाबाद एवं नोएडा की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं रेजिडेंशियल सोसायटीज, वाहन व्यवसायियों, तथा अन्य नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने गोष्ठी में सक्रिय सहभागिता की।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि संगोष्ठी में उप परिवहन आयुक्त मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ, हरि शंकर सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी गाजियाबाद प्रमोद कुमार, संभागीय परिवहन अधिकारी-प्रवर्तन गाजियाबाद के0 डी0 सिंह गौर, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) गौतमबुद्धनगर डा0 सियाराम वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गौतमबुद्धनगर डा0 उदित नारायण पाण्डे, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गौतमबुद्धनगर विपिन कुमार चौधरी, यात्री कर अधिकारी गौतमबुद्धनगर राजेश मोहन, यात्री कर अधिकारी गौतमबुद्धनगर के0जी0 संजय एवं गाजियाबाद जनपद के अत्यन्त महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित रहें। साथ ही एसीपी (यातायात) पवन कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार तथा अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।



इस अवसर पर, कार्यक्रम के प्रारंभ में परिवहन आयुक्त द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रचार प्रसार के लिए 25 प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने अपने संबोधन में, सड़क सुरक्षा अभियानों को गति देने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, तथा दुपहिया वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को न्यूनतम करने की दिशा में 'नो हेलमेट नो फ्यूल' पॉलिसी के प्रभावी कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया, और कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकारी संस्थाओं के साथ साथ स्वयं सेवी संस्थाओं, नागरिक संस्थाओं तथा स्वत: स्फूर्त समुदायों, व्यक्तियों को भी आगे आकर सड़क सुरक्षा को एक जनांदोलन बनाने की आवश्यकता है।

कार्यकम के दौरान परिवहन आयुक्त द्वारा परिवहन निगम के 10 वाहन चालकों को जिनके द्वारा विगत 10 वर्षों में कोई सड़क दुर्घटना नहीं की गयी, को सम्मानित किया गया। साथ ही माँ तारा फाउन्डेशन द्वारा सड़क सुरक्षा पर तैयार की गयी पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। जनपद गौतमबुद्धनगर की गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के चैयरमैन योगेन्द शर्मा एवं एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हार अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्पूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में के0डी0 सिंह गौर द्वारा लिखित पुस्तक सड़क एवं सुरक्षा एक सामाजिक वैज्ञानिक अध्ययन उपस्थित परिवहन आयुक्त महोदय एवं अन्य सम्मानित अधिकारियों को भेंट की गयी। अंत में परिवहन आयुक्त महोदय बीएन सिंह द्वारा सभागार में उपस्थित जनसमुदाय को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलायी गयी।

# तीसरी बार धर्मेन्द्र शर्मा बने सेक्टर-34 अरावली आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-34 अरावली रेजिडेंट



वेलफेयर एसोसिएशन में धर्मेंद्र शर्मा लगातार तीसरी बार आरडब्ल्यूए अध्यक्ष चुने गए। धर्मेन्द्र शर्मा ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए अपने प्रतिद्वंदी किशन झींगा को पराजित किया। कुल 234 वोट पड़े थे जिसमें धर्मेंद्र शर्मा के पक्ष में 213 वोट पड़े तथा उनके विरोधी प्रत्याशी किशन झींगा को मात्र वोट मिले। महासचिव पद पर प्रदीप सिंह ने विवेक शर्मा को हराया। धर्मेंद्र शर्मा वर्तमान में नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और फेडरेशन ऑफ़ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 के महासचिव भी हैं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सोसायटी के विकास कार्यों को और अधिक गति देना होगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सोसायटी के निवासियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरी कार्यकारिणी प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार भी प्रकट किया।

चुनाव अधिकारी राजेश सक्सेना और चुनाव अधिकारी विजय कुमार गिरी ने बताया कि उपाध्यक्ष अमित रस्तोगी महासचिव प्रदीप सिंह, संयुक्त सचिव अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आरपी प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सविता केदार, पदमा नायडू आर.पी. वर्मा, राम बी कुमार, अजय रस्तोगी, आरपी सिंह, सुरेश बने, नीलम कुमारी, मुनीश बाबू, संतराज सिंह निर्वाचित हुए।

# डर पर विजय दिलाता है ध्यान : ब्रह्माकुमारी लीना दीदी

## ब्रह्माकुमारीज़ का 'राजयोग द्वारा डर पर विजय' पर कार्यक्रम संपन्न

**नोएडा (चेतना मंच)।** ब्रह्माकुमारीज़ सेक्टर 46, 51 और 15 नोएडा ने गार्डेनिया




ग्लोरी, सेक्टर 46 में शिव जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय था 'राजयोग द्वारा डर पर विजय' और इसमें सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्माकुमारी आँचल दीदी और ब्रह्माकुमारी लीना दीदी द्वारा निर्देशित ध्यान सत्र से हुई। लीना दीदी ने कहा कि भगवान शिव का एक नाम %भूतनाथ% है, जो डर के भूत को नष्ट करने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि राजयोग ध्यान के माध्यम से हम परमात्मा को अपना साथी बना सकते हैं और डर से मुक्ति पा सकते हैं। राजयोग ध्यान एक सरल और प्रभावशाली विधि है, जिसे कोई भी व्यक्ति कहीं भी, कभी भी कर सकता है। यह विधि आत्मा की शुद्धि करती है और मानसिक तनाव को कम करती है, जिससे व्यक्ति को आंतरिक शांति और शक्ति मिलती है।डर पर विजय पाने के लिए, राजयोग ध्यान आंतरिक शक्ति और स्पष्टता को बढ़ाता है। यह मन को नियंत्रित करने में मदद करता है, जो डर को दूर करने के लिए आवश्यक है। राजयोग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपनी आध्यात्मिक पहचान को पहचान सकता है, जिससे निराशा में भी आशा मिलती है।

आध्यात्मिक पहचान और आत्म-विश्वास का जागरण

ब्राह्माकुमारी पारुल ने एक वीडियो के माध्यम से बताया कि डर हमारे विश्वासों और शरीर के प्रति आसक्ति का परिणाम होता है। यदि हम अपने आप को सिर्फ शरीर न मानकर आत्मा समझें, तो हम अपने डर को भी समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मन के जीते जीत है, मन के हारे हार है,' और श्रोताओं को अपने डर पर विजय प्राप्त करने के लिए जागरूक और तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। उपनिषद को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा, 'मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयो:। बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम्॥' अर्थात मन ही सभी मनुष्यों के बंधन एवं मोक्ष का प्रमुख कारण है। विषयों में आसक्त मन बंधन का और कामना-संकल्प से रहित मन ही मोक्ष (मुक्ति) का कारण कहा गया है।

इंस्टीट्यूट ऑफ़ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की प्रोफ़ेसर डॉ. नीतू जैन ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा कि 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।' उन्होंने बताया कि डर पर विजय प्राप्त करना एक यात्रा है और इसकी शुरुआत छोटे कदमों से होती है। ईश्वर का सहारा लेने की बात करते हुए उन्होंने श्रोताओं को सोच और दृष्टिकोण बदलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'जो तूने रब से लौ लगायी तो दिल में ख़ौफ़ ये जवाल कैसा, कि जिसकी कश्ती को थाम ले वो तो डूबने का सवाल कैसा। ये तेरी शोहरत ये कामयाबी तो इसमें तेरा कमाल कैसा, जो जीत उसके करम से है तो हारने का मलाल कैसा।' उन्होंने आगे कहा, 'सोच बदलें तो सितारे बदल जाते हैं, नज़र बदलें तो नज़ारे बदल जाते हैं; कश्ती बदलने से कुछ नहीं होगा, दिशा बदलें तो किनारे बदल जाते हैं।' उन्होंने श्रोताओं को स्वयं को बदलने के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया और कहा, 'उम्र भर यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ़ करता रहा।' एक बेहद ऊर्जावान और प्रेरणादायक भाषण के द्वारा उन्होंने लोगों को अपने डर के ऊपर जीत प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मनोवैज्ञानिक प्रिया भार्गव ने भी श्रोताओं से आत्म-संदेह पर विजय प्राप्त करने की बात की। उन्होंने कहा, 'अपने डर के विचारों को लिखें और उन्हें वर्गीकृत करें- जिनका समाधान हम नियंत्रित कर सकते हैं, जिनका आंशिक समाधान है और जो हम नहीं बदल सकते, उन्हें अनदेखा करें।और विकृतियाँ जो गलत आत्म-निर्णय के कारण होती हैं, जिन्हें कमजोर करने के लिए सबूतों की खोज करके दूर किया जाना चाहिए'।यह विधि व्यक्ति को अपने डर से निपटने और मानसिक शांति प्राप्त करने में मदद करती है।

कार्यक्रम में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें वरिष्ठ अधिकारी और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल थे। कार्यक्रम में आरके सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस), अरुण कुंद्रा (आयकर वकील), रवींद्र जैन (वरिष्ठ वैज्ञानिक) और पंकज माथुर (पूर्व निदेशक, आईओसी जेवी) भी उपस्थित थे। नृत्य और एक लघु नाटिका के माध्यम से कार्यक्रम में भय पर विजय का विषय भी प्रस्तुत किया गया।

